MPMETRO

**MP METRO NEWS**

**2ND MARCH 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Free Press | Bhopal | 2.03.2024 | 06 | No vehicular flow from HabibGanj Naka to RRL for 28 days | Neutral |


# BHOPAL CITY

BHOPAL | SATURDAY | MARCH 2, 2024 www.freepressjournal.in


Pg-06

# No vehicular flow from Habibganj Naka to RRL for 28 days





OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in


The traffic from Habibganj Naka (crossing) to RRL will remain closed for next 28 days on Hoshangabad Road in view of girder launching for Bhopal Metro train.

The traffic coming from ISBT to Hoshangabad Road has been diverted from Sanchi Milk to Kasturba Hospital (BHEL), DRM office, Shakti Nagar, BSNL Tiraha, RRL tiraha to Hoshangabad Road.

Similarly, traffic from Hoshangabad Road has been diverted to RRL Tiraha, BSNL Tiraha, Shakti Nagar, DRM Office, Kasturba Hospital, Sanchi Milk to ISBT Bus stop.

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | Times of India | Bhopal | 2.03.2024 | 01 | Metro work: Road closed at Habibganj Naka from today | Neutral |

# TIMES CITY

Pg-01



## Metro work: Road closed at Habibganj Naka from today

**Bhopal:** The road from Habibganj Naka to RRL Tiraha will remain closed March 2 to 28 to facilitate girder launching work at Habibganj Naka under Bhopal metro rail project.

During this period, the road from Habibganj Naka to RRL Tiraha will remain completely closed. Vehicles going towards Hoshangabad Road and Gyarah Meel from ISBT, Rani Kamlapati Station Platform No. 5 will be able to go via Sanchi Booth Centre, Kasturba Hospital, DRM Office, Shakti Nagar Square, BSNL Trisection, RRL Trisection. Vehicles going from Hoshangabad Road to ISBT will also use this route. Buses coming from 11 Miles Hoshangabad towards ISBT will be able to go towards ISBT via Patel Nagar Bypass, Anand Nagar, ITI Trisection to Career College, Anna Nagar. The traffic police have requested the general public to cooperate in maintaining the traffic arrangements by using the diverted route and in case of any inconvenience, they can contact the traffic police helpline number—**0755-2677340, 2443850.** TNN

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | HariBhomi | Bhopal | 2.03.2024 | 03 | मेट्रो के स्टील ब्रिज की लांचिंग के लिए 28 मार्च तक ट्राफिक डायवर्ट | Neutral |

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 2 मार्च 2024



**डीआरएम ऑफिस से हबीबगंज क्रॉसिंग पर होना है इंस्टॉल**

# मेट्रो के स्टील ब्रिज की लॉन्चिंग के लिए 28 मार्च तक ट्रैफिक डायवर्ट

**आईएसबीटी की तरफ से आने वाले वाहन कस्तूरबा अस्पताल, शक्ति नगर, साकेत नगर होते हुए होशंगाबाद रोड की तरफ आ-जा सकेंगे**

**मेट्रो कंपनी ने 28 दिन का ट्रैफिक डायवर्सन मांगा, पुलिस से अनुमति मिलने पर नर्मदा क्लब व हबीबगंज अंडर ब्रिज के पास मेट्रो कंपनी ने बेरिकेट्स लगाए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो कंपनी द्वारा हबीबगंज स्थित रेलवे के डीआरएम ऑफिस से हबीबगंज रेलवे क्रासिंग से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास तक स्टील ब्रिज बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। स्टील ब्रिज दो पार्टस में होने व इसके गर्डर सड़क और रेलवे क्रासिंग के ऊपर लांच होने में काफी समय लगना है। इन दोनों ब्रिज का गर्डर सहित वजन 626 मीट्रिक टन होने से लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेट्रो कंपनी ने 1 मार्च से 28 मार्च तक के लिए ट्रैफिक डायवर्जन मांगा, पुलिस से अनुमति मिलने के बाद नर्मदा क्लब व हबीबगंज अंडर ब्रिज के पास मेट्रो कंपनी ने बेरिकेट्स लगा दिए।

## यातायात पुलिस ने जारी किया डायवर्सन प्लान

भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के तहत हबीबगंज नाका पर गर्डर लांचिंग का कार्य किया जाना है। इसलिए आम जन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस कार्य के दौरान हबीबगंज नाका से आरआरएल तिराहा तक रो बंद कर यातायात का डायवर्सन किया जाना आवश्यक है। इसकी सूचना निर्माण कंपनी द्वारा यातायात पुलिस को दी गई है। निर्माण कार्य के दौरान 1 मार्च से 28 मार्च तक यातायात डायवर्सन प्लान इस प्रकार रहेगा।

*हबीबगंज नाका से आरआरएल तिराहा तक मार्ग पूर्णतः बंद रहेगा।*

*आईएसबीटी से होशंगाबाद रोड की ओर जाने वाले वाहन आईएसबीटी, सांची बूथ केन्द्र, कस्तुरबा हास्पिटल, डीआरएम आफिस, शक्ति नगर, बीएसएनएल तिराहा, आरआरएल होकर होशंगाबाद रोड की ओर जा सकेंगे।*

*इसी प्रकार होशंगाबाद रोड से आईएसबीटी की ओर जाने वाले वाहन आरआरएल तिराहा, बीएसएनएल तिराहा, शक्ति नगर चौराहा, डीआरएम आफिस, कस्तुरबा हास्पिटल, सांची बूथ केन्द्र होकर आईएसबीटी की ओर जा सकेंगे।*

*पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि यातायात के नियमों का पालन करें व परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात हेल्पलाईन फोन नंबर 0755 2677340, 2443850 पर सम्पर्क कर सकते हैं।*

## जानकारी न होने से ट्रैफिक जाम



ट्रैफिक पुलिस द्वारा डायवर्सन प्लान जारी करने से कई लोगों को जानकारी नहीं मिल पाई। इस कारण होशंगाबाद रोड पर दोनों तरफ दिनभर जाम रहा। सबसे ज्यादा दिक्कत शक्ति नगर व साकेत नगर चौराहे पर हुई। वहीं सावरकर सेतु से जीजी फ्लाई ओवर आने वाले ट्रैफिक को पुलिस ने रोका तो यहां भी लंबा जाम लग गया। आईएसबीटी से होशंगाबाद रोड आने जाने वाला ट्रैफिक भी बोर्ड ऑफिस चौराहे से सावरकर सेतु की तरफ से ही आ-जा रहे हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Free press | Bhopal | 03.03.2024 | 09 | MR10 metro track: Steel girder launched | Neutral |

MADHYA PRADESH

09 BHOPAL | SUNDAY | MARCH 3, 2024 www.freepressjournal.in

# MR10 METRO TRACK: Steel girder launched

OUR STAFF REPORTER
Indore

The issues of the railway crossing which was coming in the middle of the Metro project at MR 10 was resolved and the successful launching of the giant steel girder began from Friday with the help of cranes.

Official said that after successful completion of the steel girder placement work, tracks will be laid by placing slabs on top of the girder.

The work will be done by laying steel girder on the railway line, because concretisation is not allowed on the railway line. MR-10 railway crossing was stopped for train movement when the launching of girder was done by the Metro authorities. The girder was inserted with the help of two giant cranes. Engineers associated with the Metro project said that a slab will be poured on top of the steel girder and the work of laying tracks on it will then begin.

Officials said that Indore development authority (IDA) has also built an 8-lane overbridge over the railway crossing on MR-10. Since the Metro line also passes through the same place, no pillar can be constructed on the railway line and the railway department also did not allow it. Therefore, the huge steel girder was inserted to cross the entire railway line. Presently the work of super corridor from Gandhi Nagar to MR-10, the elevated corridor from Vijay Nagar to Robot Square is going on, in which tracks are being laid along the segments.

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Raj Express | Bhopal | 03.03.2024 | 05 | मेट्रो मे नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा, कार्पोरेशन ने किया अलर्ट | Neutral |



# मेट्रो में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा, कॉर्पोरेशन ने किया अलर्ट

## स्पष्ट किया, किसी से नहीं किया करार

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इस तरह की शिकायतें कॉर्पोरेशन को मिली है। ऐसे में पब्लिक एडवायजरी कर लोगों को सचेत किया है कि वो अनैतिक लोगों या एजेंसियों के झांसे में न आएं। स्पष्ट किया है कि रिक्रूटमेंट के लिए मेट्रो ने न कोई एजेंट नियुक्त किया है और न ही किसी कोचिंग संस्थान से करार किया है।

कॉर्पोरेशन के अफसरों ने बताया कि लोगों, आवेदकों को झूठे वादे कर नौकरी दिलाने के कुछ मामले सामने आए हैं। आवेदकों को विश्वास दिलाने के लिए गलत तरीकों का इस्तेमाल भी किया जा रहा है। इसके मद्देनजर लोगों को सचेत करने एडवायजरी जारी की गई है। इसमें बताया गया है कि मेट्रो में भर्ती से जुड़े सभी नोटिफिकेशन केवल कॉर्पोरेशन की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड किए जाते हैं। ऐसे में लोगों को सचेत किया गया है कि किसी भी तरह झांसा देने वालों का आसान शिकार न बनें। विश्वनसनीय जानकारी के लिए केवल एमपीमेट्रोरेल डॉट कॉम को ही फॉलो करें।

### लगातार चल रहीं भर्तियां

भोपाल और इंदौर में मेट्रो के प्रायोरिटी रूट का काम पूरा होने के नजदीक पहुंच रहा है। सितंबर तक राजधानी में मेट्रो का पैसेंजर रन शुरू किया जाना है। ऐसे में मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में नियुक्तिकी प्रक्रिया लगातार चल रही है। प्रबंधक स्तर के कई पदों के लिए आवेदन बुलाए हैं। इसके लिए 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

**Metro News**

**05.03.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | Free Press | Bhopal | 5.03.2024 | 05 | 5 metro trains in city, few stations on priority corridor in final stage | Neutral |

MADHYA PRADESH

05 BHOPAL | TUESDAY | MARCH 5, 2024 www.freepressjournal.in

# 5 metro trains in city, few stations on priority corridor in final stage

OUR STAFF REPORTER
Indore

Five sets of metro trains, each comprising three coaches, have reached the Gandhi Nagar depot so far. Of them, four metro sets are being tested on the track in the depot premises.

Meanwhile, the metro station work has also intensified.

The commercial run is likely to start in a few months on the 5.9-km priority corridor between Gandhinagar and Super Corridor and the denizens will be able to take a ride on the metro. In such a situation, the existing five metros will be operated on the priority corridor. Now the efforts to complete other parts of the corridor, including the metro station have also intensified.

## Last pillar work to over soon

The last pillar of the metro track from Gandhi Nagar to ISBT at Lav Kush Square, whose piling work is being done by the contractor of the Rail Vikas Nigam will be completed in the next 25 days.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 5.03.2024 | 01 | नए इं<br>फ्लायओवर जोड़ेगा पूरे शहर को | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 05-03-2024 Pg-01

# नए इंदौर की सुखद तस्वीर... 71 साल पुराना फ्लायओवर जोड़ेगा पूरे शहर को



**29**

**स्टेशन बन रहे मेट्रो के उसमें पहला अंडरग्राउंड यहीं बनेगा**

1952-53 में बना शास्त्री ब्रिज पश्चिमी इंदौर को पूर्वी से जोड़ता है। इस जंक्शन पर दो बड़े प्रोजेक्ट शुरू होने जा रहे हैं। पहला यहां मेट्रो स्टेशन आएगा। मेट्रो यहीं से भूमिगत होते हुए बड़ा गणपति की ओर बढ़ेगी। वहीं 492 करोड़ से रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा। फोटो | ओपी सोनी

**Metro News**

**06.03.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 06.03.2024 | 01 | भोपाल में मेट्रो फेस 2 : करोंद से ऐशबाग तक आठ स्टेशन, 3.39 किलोमीटर अंडरग्राउंड होंगे | Positive |

दैनिक भास्कर भोपाल 06-03-2024 Pg-01

**सीएम ने किया भूमिपूजन : 1540 करोड़ रुपए खर्च होंगे, 3 माह में शुरू होगा काम**

# भोपाल में मेट्रो फेज-2 : करोंद से ऐशबाग तक 8 स्टेशन, 3.39 किमी अंडरग्राउंड होंगे

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

भोपाल में मेट्रो का फेज-1 तो अभी शुरू नहीं हुआ, लेकिन इस बीच खुशखबर है कि इसके फेज-2 का काम 3 महीने में शुरू हो जाएगा। करोंद से ऐशबाग तक 1540 करोड़ रुपए से मेट्रो रूट बिछाने के साथ 8 स्टेशन बनेंगे। इसमें सिंधी कॉलोनी से ऐशबाग तक 3.39 किमी का हिस्सा अंडरग्राउंड होगा। मेट्रो रेल कंपनी ने इन दोनों कामों के लिए दो अलग-अलग कंपनियों के टेंडर मंजूर कर लिए हैं। अगले कुछ दिनों में वर्क ऑर्डर जारी हो जाएगा। दोनों कंपनियां तीन माह के भीतर काम शुरू कर सकती हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को लाल परेड मैदान में आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह के दौरान मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए भूमिपूजन किया। ये दोनों काम साढ़े तीन साल में पूरे हो जाएंगे। यानी भोपाल मेट्रो के करोंद से एम्स तक का 14.99 किमी रूट साढ़े तीन साल बाद पूरा हो सकता है। फिलहाल इसी रूट के प्रायोरिटी कॉरिडोर सुभाष नगर से एम्स के बीच काम चल रहा है। इसमें सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक का ट्रायल हो चुका है। सुभाष नगर से एम्स तक के रूट पर मेट्रो संचालन शुरू करने के लिए डेडलाइन सितंबर 2024 तक बढ़ा दी गई है।

## करोंद से एम्स तक 14.99 किमी... साढ़े 3 साल में बनेगा




**एलिवेटेड कॉरिडोर**

पुलबोगदा से करोंद चौराहा तक 4.749 किमी का एलिवेटेड कॉरिडोर होगा। इसमें पुलबोगदा, ऐशबाग, सिंधी कालोनी, डीआईजी बंगला, कृषि उपज मंडी व करोंद चौराहा मेट्रो स्टेशन होंगे। इसमें करीब 647.47 करोड़ खर्च होंगे।

**अंडरग्राउंड कॉरिडोर**

3.39 किमी का पूरा अंडरग्राउंड रूट होगा। इसमें दो अंडरग्राउंड स्टेशन नादरा बस स्टैंड व भोपाल रेलवे स्टेशन होंगे। इसमें लगभग 892 करोड़ की लागत से कार्य प्रारम्भ होगा। इस चरण के आवश्यक सिस्टम ट्रेन सेट, पावर सप्लाई, सिग्नल इत्यादि के लिए वर्क ऑर्डर पहले से ही जारी किए जा चुके हैं।

## मुख्यमंत्री ने कहा- अन्य शहरों में भी शुरू होगा मेट्रो का काम



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल और इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। जल्द प्रदेश के अन्य शहरों जबलपुर, ग्वालियर आदि में भी जल्द मेट्रो का काम शुरू होगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | Raj Express | Bhopal | 06.03.2024 | 03 | 3माह मे शुरू होगा सुभाष नगर-करोंद मेट्रो रूट व अन्डरग्राउन्ड स्टेशन का काम | Neutral |

www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस 3 महानगर
सूर्यास्त (बुधवार): 06:36 सूर्योदय (गुरुवार): 06:37
तापमान अधिकतम 27.7° न्यूनतम 12.2°
भोपाल बुधवार, 06 मार्च 2024

# तीन माह में शुरू होगा सुभाष नगर-करोंद मेट्रो रूट व अंडरग्राउंड स्टेशनों का काम

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को किया भूमिपूजन

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों भूमिपूजन के साथ ही सुभाष नगर से करोंद चौराहा तक मेट्रो के एलिवेटेड कॉरिडोर और दो अंडरग्राउंड स्टेशनों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, यह कार्य शुरू होने में दो से तीन महीने का समय लगेगा। वजह यह है कि प्रोजेक्ट के लिए लोन मुहैया कराने वाले एजेंसी यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक की हरी झंडी लेने के साथ ही निर्माण एजेंसी को कुछ शुरुआती सर्वे करना होंगे।मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक है। निर्माण की शुरुआत सुभाष नगर से एम्स के बीच एलिवेटेड कॉरिडोर से की गई। यह कार्य कुछ महीनों में पूरा हो जाएगा। अब बाकी कॉरिडोर यानि सुभाष नगर से करोंद तक निर्माण किया जाना है। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इसका जिम्मा हैदराबाद की यूआरसी कंस्ट्रक्शन कंपनी को सौंपा है। कॉर्पोरेशन ने निर्माण पर 647.47 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया था, लेकिन कंपनी 596.40 करोड़ में यह काम कर रही है। यूआरसी एम्स से सुभाष नगर के बीच आठ मेट्रो स्टेशनों का निर्माण भी कर रही है।

**सात स्टेशन होंगे:** पुल बोगदा से करोंद चौराहा तक 4.749 किमी लंबाई का एलिवेटेड कॉरिडोर रहेगा। इस पर पुल बोगदा, ऐशबाग, सिंधी कॉलोनी, डीआईजी बंगला, कृषि उपज मंडी व करोंद चौराहा पर स्टेशन बनेंगे। यूआरसी कंस्ट्रक्शन को 1092 दिन यानि करीब तीन साल में निर्माण कार्य पूरा करना होगा।



### नादरा से भोपाल स्टेशन के बीच ट्विन टनल में दौड़ेगी मेट्रो

नादरा बस स्टैंड और भोपाल स्टेशन का 3.39 किमी लंबाई का भूमिगत रूट होगा। नादरा और भोपाल स्टेशन पर भूमिगत स्टेशन होंगे। इनके बीच ट्विन टनल में मेट्रो दौड़ेगी। एक टनल से अप और दूसरी से डाउन लाइन की मेट्रो चलेगी। आग या अन्य आपात स्थिति बनने पर यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए दोनों भूमिगत सुरंग के बीच क्रॉस पैसेज बनाए जाएंगे। यह रैम्प जैसे होंगे। अंडरग्राउंड स्टेशन, ट्विन टनल के निर्माण, इनमें सीवेज, पानी व ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने पर 892 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसमें साढ़े तीन साल लगने की संभावना है। निर्माण एजेंसी का चयन हो चुका है।

### खर्च 6941 करोड़, आधा कर्ज से जुटाएंगे

भोपाल में पहले चरण के मेट्रो रूट की कुल लंबाई 31 किमी है। इसमें दो मार्ग शामिल हैं। इन रूट पर मेट्रो दौड़ाने पर 6941 करोड़ रुपए खर्च होगा। केंद्र व राज्य सरकार इसकी 20-20 फीसदी राशि मुहैया कराएंगी। कर्ज के जरिए 50 प्रतिशत से अधिक राशि की व्यवस्था की जाएगी। राजधानी में मेट्रो के लिए यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) से लोन लिया जा रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | HariBhoomi | Bhopal | 06.03.2024 | 02 | मुख्यमंत्री डॉ यादव ने किया भूमिपूजन | Neutral |





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया भूमिपूजन

# मेट्रो की ऑरेंज लाइन के दूसरे फेज की प्रक्रिया आज से शुरू



**सुभाष नगर से करोंद तक 8.77 किलोमीटर लंबा ट्रैक बिछेगा, जिसमें अंडर ग्राउंड ट्रैक और दो स्टेशन भी रहेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन के दूसरे फेज सुभाष नगर से करोंद तक 8.77 किमी लाइन बिछाने के काम की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो रही है। इस पर 1540 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस फेज में भी 8 स्टेशन बनेंगे। 3.39 किमी रूट अंडर ग्राउंड होगा। इसमें 2 मेट्रो स्टेशन भी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस फेस का वर्चुअली भूमिपूजन मंगलवार को किया।

मेट्रो की ऑरेंज लाइन एम्स से करोंद तक बिछ रही है। यह रूट 14.99 किमी लंबा है। इसमें सुभाष नगर से एम्स के बीच 6.22 किमी का प्रायोरिटी कॉरिडोर है। 8 में से 5 स्टेशनों के बीच अक्टूबर 2023 में ट्रायल रन होने के बाद अब कमर्शियल रन की तैयारी है। जबकि मई-जून में कमर्शियल रन का लक्ष्य लेकर मेट्रो कंपनी लेकर चल रही है। इसलिए डीआरएम ऑफिस के साथ एम्स और अलकापुरी तक काम तेजी से चल रहा है।

### स्टील ब्रिज हो रहा तैयार

डीआरएम ऑफिस तिराहे पर स्टील ब्रिज बनाने का काम तेजी से चल रहा है। अब सुभाष नगर से करोंद तक के रूट को लेकर काम शुरू हो रहा है। 8.77 किमी के लिए भूमिपूजन हुआ है।

### इन जगहों पर बनेंगे मेट्रो स्टेशन

- पुल बोगदा
- ऐशबाग
- सिंधी कॉलोनी
- डीआईजी बंगला
- कृषि उपज मंडी
- करोंद

### यहां से अंडरग्राउंड गुजरेगी मेट्रो

सुरंगें सिंधी कॉलोनी व ऐशबाग क्रॉसिंग से होती हुई भोपाल स्टेशन और नादरा बस स्टैंड को स्टेशनों के माध्यम से जोड़ेगी।

## 3.39 किलोमीटर रूट अंडरग्राउंड

3.9 किलोमीटर रूट अंडरग्राउंड होगा। इसमें 2 मेट्रो स्टेशन भोपाल रेलवे स्टेशन व नादरा बस स्टैंड भी रहेंगे। यह काम अलग कंपनी करेगी। अंडरग्राउंड रूट के लिए टेक्निकल और फाइनेंशियल बिड पहले ही खुल चुकी है। यह पूरा काम 890 करोड़ रुपए में होगा। इसकी प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। काम शुरू होने के बाद साढ़े 3 साल में पूरा करने का टारगेट रहेगा। मेट्रो की दोनों लाइन का यह अकेला अंडरग्राउंड हिस्सा रहेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Times of India | Bhopal | 06.03.2024 | 03 | CM lays foundation of 9 km long Subhash Nagar Karond metro work | Neutral |



# CM lays foundation of 9-km long Subhash Ngr-Karond metro work

## Says Plans Afoot For Metro Rail In Other Cities

TIMES NEWS NETWORK

**Bhopal:** Chief minister Mohan Yadav virtually performed foundation laying ceremony of about 9 km of Bhopal metro. "Plan for metro rail in other cities," said Yadav at a programme held at Lal Parade Ground here on Tuesday.

Pressing the button and digitally unveiling of the new phase of metro development is expected to cost around Rs 1500 crore. The phase would include eight stations that would connect Karond to Subhash Nagar, the main metro rail depot in Bhopal.

A total of Rs 1540 crore will be spent to lay the 8.77 km line from Subhash Nagar to Karond, the second phase of the Orange Line of Bhopal Metro. These include 8 metro stations. 3.39 km route will be underground metro with 2 metro stations, according to a press release by MPMRCL.

The work is dubbed as package BH-03 & BH-04 which for RPF was developed before the state election last year.

Work orders for the necessary systems like train set, power supply, signals among others of this phase have already been issued, official said.

During the programme, MP urban development and housing minister Kailash Vijayvargiya presented a replica of metro train as a memento to the chief minister.

A Moeed Faruqui



CM Mohan Yadav with a replica of a metro coach during foundation stone laying ceremony of 8 metro stations, at Lal Parade Ground on Tuesday. Urban development and housing minister Kailash Vijayvargiya and cooperative minister Vishwas Sarang were also present

**COST@₹1500 CR**

**Package BH-03 (Elevated Corridor)**

**4.7 km** elevated corridor from Pulbogda to Karond intersection which includes Pulbogda, Aishbagh, Sindhi Colony, DIG Bungalow and Karond metro stations. Cost of development is estimated to be approximately ₹**647.47 cr**

**Package BH-04 (Underground metro)**

**3.39 km** stretch will have two metro stations, Nadra Bus Stand and Bhopal Railway Station. Cost of approximately ₹**892 cr**

Work on around 7 km stretch from Subhash Nagar to AIIMS Bhopal is expected to be completed this year. Passenger travel on the track is expected after safety trials and development of RoB at Habibganj intersection.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Dainik Jagran | Bhopal | 06.03.2024 | 01 | मेट्रो की ऑरेंज लाइन की शुरुआत आज से, सीएम ने किया भूमिपूजन | Neutral |



वर्ष 67 अंक 159 पृष्ठ 12
भोपाल, बुधवार 06 मार्च, 2024
फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत् 2080
महानगर मूल्य 5 रुपए

दैनिक जागरण
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.djmp.in/epaper

# मेट्रो की ऑरेंज लाइन की शुरुआत आज से, सीएम ने किया भूमिपूजन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भोपाल मेट्रो की प्रायोरिटी कॉरिडोर के बाद मंगलवार को ऑरेंज लाइन की शुरुआत हुई। मेट्रो के इस दूसरे फेस का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली भूमिपूजन किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि भविष्य में ग्वालियर और जबलपुर में मेट्रो की सुविधा मिलेगी। सीएम डॉ. यादव ने मेट्रो रेल के माध्यम से मेट्रो रेल भोपाल के दूसरे चरण का 1540 करोड़ रुपये की लागत से भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक समय था कि जब मेट्रो ट्रेन प्रदेशवासियों के लिए एक स्वप्न थी। भोपाल और इंदौर के पश्चात जबलपुर, ग्वालियर और प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों में भी मेट्रो रेल लाइन के निर्माण की योजना है। प्रदेश में रेलवे क्रासिंग खत्म करने के लिए 105 रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के साथ ही 334 पुलों के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस मौके पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अलावा सरकार के दूसरे मंत्री व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | Dainik Jagran | Bhopal | 06.03.2024 | 03 | सुभाष नगर से करोंद चौराहे तक मेट्रो की ऑरें फेज की शुरुआत | Neutral |

दैनिक जागरण
भोपाल, 06 मार्च 2024

राजधानी जागरण 03

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# सुभाष नगर से करोंद चौराहे तक मेट्रो की ऑरेंज लाइन के सेकंड फेज की शुरुआत

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया भूमिपूजन, 8.77 किमी बिछेगी लाइन, 8 मेट्रो स्टेशन बनेंगे

**जागरण, भोपाल।** भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन के दूसरे फेज का काम मंगलवार से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसकी वर्चुअल शुरुआत की। सीएम ने वर्चुअली भूमिपूजन किया। सेकंड फेज में सुभाष नगर से करोंद चौराहे तक 8.77 किलोमीटर की लाइन बिछाई जाएगी। इसमें 3.39 किलोमीटर का हिस्सा अंडरग्राउंड होगा। इस रूट पर 8 मेट्रो स्टेशन बनेंगे, जिसमें से दो अंडरग्राउंड लाइन में होंगे। दूसरे फेज को बनाने में 1540 करोड़ रुपए खर्च होंगे। काम को पूरा करने के लिए 3 साल का समय तय किया गया है। बता दें कि भोपाल में दो रूट ऑरेंज और ब्लू लाइन तय किए गए हैं। फिलहाल ऑरेंज रूट पर ही काम चल रहा है, जो एम्स से करोंद चौराहे तक है। ब्लू रूट भदभदा से रत्नागिरी तक तय किया गया है।



सुभाष नगर स्थित मेट्रो स्टेशन और डिपो का काम लगभग पूरा हो गया है। छायाः एचसी

### प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम 70 फीसदी पूरा

मेट्रो की ऑरेंज लाइन यानी एम्स से करोंद तक का रूट कुल 14.99 किलोमीटर लंबा है। इसमें सुभाषनगर से एम्स के बीच 6.22 किलोमीटर का प्रायोरिटी कॉरिडोर है। 8 में से 5 स्टेशनों के बीच अक्टूबर 2023 में ट्रायल रन होने के बाद अब कमर्शियल रन की तैयारी है। मई-जून में कमर्शियल रन का टारगेट है। इसलिए 3 स्टेशन डीआरएम ऑफिस, एम्स और अलकापुरी तक काम तेजी से चल रहा है। जबकि डीआरएम ऑफिस तिराहे पर स्टील ब्रिज बनाने की शुरुआत भी हो गई है।

### दो चरणों में होगा सेकंड फेज का काम

सुभाष नगर डिपो से करोंद तक के रूट में कुल 2 फेज में काम होगा। कुल 8.77 किलोमीटर में से 5.38 किलोमीटर हिस्से में 6 एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन बनेंगे। इसमें पुलबोगदा, ऐशबाग, सिंधी कॉलोनी, डीआईजी बंगला, कृषि उपज मंडी और करोंद स्टेशन बनाए जाएंगे। इसमें 650 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यूआरसी कंस्ट्रक्शन कंपनी यह काम करेगी। यही कंपनी सुभाष नगर, डीबी मॉल, एमपी नगर, केंद्रीय स्कूल, आरकेएमपी, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस और एम्स स्टेशनों का काम भी कर रही है।

### 3.39 किलोमीटर रूट अंडरग्राउंड होगा

सेकंड फेज में 8.77 किलोमीटर के रूट में 3.39 किलोमीटर रूट अंडरग्राउंड होगा। इसमें 2 मेट्रो स्टेशन भोपाल रेलवे स्टेशन व नादरा बस स्टैंड भी रहेंगे। यह काम अलग कंपनी करेगी। अंडरग्राउंड रूट के लिए टेक्निकल और फाइनेंशियल बिड पहले ही खुल चुकी है। यह पूरा काम 890 करोड़ रुपए में होगा। इसकी भी एनओसी समेत अन्य प्रक्रिया भी पूरी हो गई है।

### इन क्षेत्रों से अंडरग्राउंड जाएगी मेट्रो

सिंधी कॉलोनी, ऐशबाग क्रॉसिंग से होती हुई सुरंगें भोपाल स्टेशन और नादरा बस स्टैंड को स्टेशनों के माध्यम से जोड़ेंगी। वहीं प्रायोरिटी कॉरिडोर एम्स से सुभाष नगर के हिस्से की बात करें तो ओवर ऑल 80 फीसदी से अधिक काम पूरा हो चुका है। सुभाष नगर, केंद्रीय स्कूल, डीबी मॉल, एमपी नगर और कमलापति स्टेशन का स्ट्रक्चर पूरा हो चुका है। केंद्रीय स्कूल, डीबी मॉल और एमपी नगर के स्टेशनों पर छत का काम अंतिम दौर में है। फिर फिनिशिंग और अन्य काम होंगे। इसके साथ ही अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस और एम्स स्टेशनों के काम में भी तेजी लाई गई है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | Nav Duniya | Bhopal | 06.03.2024 | 01&02 | पूजन भूमि का स्टेशनों आठ के मेट्रो म चरण दूसरे | Neutral |

और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

# दूसरे चरण में मेट्रो के आठ स्टेशनों का भूमिपूजन

## विकास कार्य ● स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में श्रेष्ठ कार्य करने वालों के लिए हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

**भोपाल (राज्य ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने मंगलवार को भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में श्रेष्ठ कार्य के लिए पुरस्कार वितरण समारोह में नगरीय निकायों के विकास कार्यों के लिए 1000 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर भोपाल मेट्रो परियोजना के दूसरे चरण के लिए आठ स्टेशनों का भूमिपूजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रेलवे क्रासिंग खत्म करने के लिए 105 रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के साथ ही 334 पुलों के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में "स्वच्छ हम" पुस्तिका एवं जल मल प्रबंधन नीति 52024 का विमोचन भी किया। कार्यक्रम का प्रसारण प्रदेश के सभी 413 निकायों में किया गया।

**आज अधिकारी वर्ग भी स्वच्छता मित्रों सम्मान करता है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में पहली लाल किले से राष्ट्रवासियों को स्वच्छता अभियान में भागीदारी का आव्हान किया था। पूरा देश स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगरों, कस्बों और ग्रामों में उदाहरण स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने बता दिया कि ट्रेनें, सड़के भवन और शहर कैसे स्वच्छ हो सकते हैं। मप्र में एक ऐसा गांव नहीं जहां महिलाएं बाहर शौच के लिए जाती है। सफाई कर्मियों का लज्जा जनक ढंग से अपमान होता था, आज अधिकारी वर्ग भी इनका सम्मान करते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश को स्वच्छता क्षेत्र में अग्रणी होने का सौभाग्य मिला है। जहां इंदौर शहर सातवीं बार स्वच्छतम शहर के रूप में चुना गया, वहीं भोपाल श्रेष्ठ स्वच्छ राजधानी मानी गई है। भोपाल देश में भी पांचवें क्रम पर स्वच्छ शहर है।



मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने लाल परेड मैदान में स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के कार्यक्रम को संबोधित किया। ● सौजन्य जनसंपर्क विभाग

### इन निकायों को मिला पुरस्कार

स्वच्छता पुरस्कारों में देश में स्वच्छतम शहर इंदौर, स्वच्छ राजधानी भोपाल के अलावा स्वच्छता के क्षेत्र में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार के लिए चयनित निकायों उज्जैन, सौसर, मुंगावली, नौरोजाबाद, अमरकंटक, बुधनी, बदनावर, विदिशा, शाजापुर और खंडवा निकायों के पदाधिकारियों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रदेश के कुल 47 नगरीय निकाय, चार संभाग, तीन जिलों, राज्य के रूप में मध्य प्रदेश और एक एसबीएम टीम सहित कुल 65 अवार्ड प्रदान किए गए। केंद्र सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 एवं सिटी ब्यूटी काम्पटीशन के विभिन्न घटकों में श्रेष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वाले नगरीय निकायों से आयुक्त, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, स्वच्छता नोडल, सफाई मित्र, फ्रंटलाइन वर्कर आदि सहभागी बने।

**निकायों से जुड़े जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण होती है भूमिका : विजयवर्गीय :** नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नगरीय निकायों से जुड़े जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शहरों में नागरिक सर्वाधिक अपेक्षाएं पार्षदों से करते हैं, यह स्वाभाविक भी है। स्वच्छ सर्वेक्षण में इंदौर और प्रदेश के अन्य नगरों को अच्छे कार्य के लिए भारत सरकार ने चयनित किया। इसके साथ ही जोनल अवार्ड के अंतर्गत विभिन्न निकायों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### इन विभागों में नवनियुक्तों को दिए गए नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कर्मचारी चयन मंडल से चयनित अधिकारियों-कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कुल 8,837 नियुक्तियां दी गई हैं। इनमें लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पशुपालन एवं डेयरी, आयुष, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, श्रम, महिला एवं बाल विकास, नगरीय विकास एवं आवास, सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण, भोपाल गैस त्रासदी, राहत एवं पुनर्वास, लोक निर्माण विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, सामान्य प्रशासन, जनसंपर्क, वाणिज्यिक कर और जनजातीय कार्य विभाग में विभिन्न पदों पर नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

**मुख्यमंत्री से मिले नगर निगम के महापौर, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर हुई चर्चा :** मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में पांच नगरों के महापौर मिले। मुख्यमंत्री ने महापौर से नगरों में सौंदर्यीकरण और स्वच्छता के संबंध में चर्चा करके जरूरी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री से भेंट करने वालों में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भोपाल की महापौर मालती राय, उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल, सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी और खंडवा की महापौर अमृता अमर यादव शामिल हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | Patrika | Bhopal | 06.03.2024 | 02 | **1544** शुरू काम लिए के लाइन ऑरें की मेट्रो लाइन किलोमीटर **8.77** बिछेगी से करोड़ | Neutral |



#Metro**train** सीएम ने किया वर्चुअल भूमि पूजन, इस रूट पर दो स्टेशन अंडर ग्राउंड बनेंगे

# मेट्रो की ऑरेंज लाइन के लिए काम शुरू, 1544 करोड़ से बिछेगी 8.77 किमी लाइन


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



## ये है प्रोजेक्ट

- पुल बोगदा से करोंद चौराहा तक 4.749 किमी एलिवेटेड कॉरीडोर जिसमें पुलबोगदा, ऐशबाग, सिंधी कालोनी, डीआईजी बंगला, कृषि उपज मंडी व करोद चौराहा स्टेशन होंगे। इसमे लगभग 647.47 करोड़ की लागत से काम होगा।
- नादरा बस स्टैंड व भोपाल रेलवे स्टेशन 3.39 किमी का दो भूमिगत मेट्रो स्टेशन, जिसमें लगभग 892 करोड़ की लागत आएगी।
- इसके लिए आवश्यक सिस्टम ट्रेन सेट, पावर सप्लाई, सिग्नल के लिए पहले ही कार्यादेश जारी हो चुके हैं।

## अभी प्रायोरिटी पर फोकस

मेट्रो के सुभाष ब्रिज से एम्स तक 6.22 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर को पूरा कर यहां कमर्शियल रन शुरू करने पर विशेष फोकस है। इसके लिए दो 113 मीटर लंबे स्टील गर्डर डाले जा रहे हैं। जून 2024 तक इस कॉरिडोर पर कमर्शियल रन शुरू करने का दावा है।

**भोपाल.** मेट्रो प्रोजेक्ट के सुभाष नगर से आगे पुल बोगदा जंक्शन और करोंद तक ऑरेंज लाइन के आठ स्टेशनों का मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को भूमि पूजन किया। 1540 करोड रुपए के प्रोजेक्ट में आठ स्टेशन बनाए जाएंगे। मंगलवार को नगरीय निकायों में विकास कार्यों के भूमिपूजन में मेट्रो के आगे के रूट का भूमि पूजन बटन दबा कर किया गया। इस मौके पर प्रोजेक्ट का डिजिटल अनावरण भी किया। इस अवसर पर मेट्रो ट्रेन की एक बुकलेट का भी विमोचन भी हुआ। ऑरेंज लाइन का दूसरा भाग 2027 में तक बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।




**सुभाष नगर से आगे इन जमीनों का अधिग्रहण करना है**

- पुल बोगदा पर मैन जंक्शन के लिए सबसे ज्यादा जगह की जरूरत है। यहां सिर्फ 0. 48 एकड़ में जंक्शन ही बनेगा।
- शहर सर्किल में एक तरफ 1.49 एकड़ ऐशबाग स्थित पातरा नाले से पहले 0.53 एकड़, इससे आगे 0.54 एकड़ जमीन।
- आजाद बस्ती की जगह खाली हो चुकी है,
- आरा मिल के पास अलग.अलग टुकड़ों में 0.008, 0.184, 0.12, 0.10 एकड़ जमीन। इन जमीनों पर आरा मशीनें लगा हैं।
- ग्रांड होटल के आगे 0.13 और 0.092 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। निजी जमीन हैं समय लगेगा।
- 0.046 एकड़, ग्रांड होटल के पीछे ये जमीन न्यू वल्लभ गृह निर्माण सोसायटी के पास है।. प्लॉट अलॉटमेंट का विवाद सुलझाना होगा।
- 0.39 एकड़ जमीन नवाब साजिया सुल्तान के नाम पर खसरे में दर्ज है। इस जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।

## 27 में से तीन रैक पहुंचे

मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत गुजरात के सारणी से भोपाल के लिए तीन-तीन कोच वाले 27 रैक तैयार किए जा रहे हैं। तीन रैक भोपाल आ गए हैं, इन्हें जोड़कर तीन ट्रेनें बनाईं हैं, जिनका ट्रायल चल रहा है।



**Metro News**

**11.03.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | पत्रिका | भोपाल | 11.03.2024 | 02 | मेट्रो की बढ़ी गति 66 एकड़ जमीन पर मेट्रो का डिपो तैय र | Neutral |

BHOPAL PRIME

# भोपाल प्राइम





## मेट्रो... की बढ़ी गति

## 66 एकड़ जमीन पर मेट्रो का डिपो तैयार

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन के कोचों को खड़ा करने और उनके मेंटेनेंस के लिए तैयार किए जा रहा डिपो का काम पूरा हो गया है। जल्द ही यहां पर पूरा कामकाज शिफ्ट किया जाएगा। सुभाष नगर अंडर ब्रिज के सामने स्टड फार्म की जमीन पर डिपो बनाया गया।

**66** एकड़ के करीब इस जमीन पर डिपो तैयार किया गया है।

मेट्रो रूट जिंसी चौराहा के पास आकर मिल रहे हैं। ऐसे में इस जगह डिपो बनाया गया। **02**

**40** से अधिक मेट्रो ट्रेन इस डिपो में रखी जा सकती है।

मेट्रो ट्रेन अभी बनाने का काम चल रहा है। **27**

**03** मेट्रो ट्रेन के कोच की आपूर्ति की जा चुकी है।

इस माह के आखिर तक एक और मेट्रो ट्रेन की आपूर्ति भोपाल में हो जाएगी। जब एम्स से सुभाष के बीच काम पूरा होगा तो कमर्शियल रन के दौरान यह ट्रेन ट्रैक पर दौड़ती नजर आएगी।

MPMETRO

**Metro News**
**11.03.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | HariBhomi | Bhopal | 12.03.2024 | 02 | मेट्रो प्रोजेक्ट- चौथी ट्रैन इस ही हफ्ते राजधानी पहुं ेगी | Neutral |

# हरिभूमि भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 12 मार्च 2024



### इंदौर पहले ही पहुंच चुकी हैं चार ट्रेन

## मेट्रो प्रोजेक्टः चौथी ट्रेन इस ही हफ्ते राजधानी पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भोपाल मेट्रो कंपनी की चौथी ट्रेन इस हफ्ते आ जाएगी। इन चारों ट्रेन का एक साथ ट्रायल रन होना है। भोपाल से पहले इंदौर में यह ट्रायल रन होना है, इसलिए वहां कुल चार ट्रेन पहुंच चुकी हैं। भोपाल में चौथी ट्रेन आने की तैयारी के साथ सुभाष नगर से एम्स तक 8 मेट्रो स्टेशन भी तैयार हो रहे हैं। इन स्टेशनों के निर्माण कार्य पूरे होने के बाद अब फाइनल टच का काम चल रहा है।

भोपाल मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार ट्रेनों के आने का सिलसिला जारी रहेगा। दूसरी तरफ सुभाष नगर से एम्स तक के सभी निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर स्टील ब्रिज का काम भी जल्दी पूरा होगा, जिससे सुभाष नगर से एम्स तक ट्रेन का संचालन शुरू हो सके। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस से 28 दिन का डायवर्सन मांगा था। उम्मीद है कि समयसीमा में स्टील ब्रिज का काम पूरा हो जाएगा।

MPMETRO

**MP METRO NEWS**

**13 MARCH 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 13.03.2024 | 03 | वडोदरा से चौथी मेट्र ो टे्रन पहुंची, भोपाल आज की जाएगी अनलोडडुंग- ऐसी क ुल 27 ट् रेनें आएुं गी | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 13-03-2024 **Pg-03**

# वडोदरा से चौथी मेट्रो ट्रेन पहुंची भोपाल, आज की जाएगी अनलोडिंग ; ऐसी कुल 27 ट्रेनें आएंगी

**भोपाल**| मंगलवार को चौथी मेट्रो ट्रेन राजधानी पहुंची। वडोदरा गुजरात के सावली औद्योगिक क्षेत्र से इसे पांच दिन पहले ट्राले से रवाना किया गया था। सड़क मार्ग से होते हुए मंगलवार दोपहर ट्रेन भोपाल पहुंची है। इसे सुभाष नगर स्थिति मेट्रो ट्रेन के डिपो में खड़ा किया गया है। यह ट्रेन अल्स्टोम कंपनी की ओर से ने तैयार की है। कंपनी के इंजीनियरों की एक टीम ट्रेन के साथ यहां पहुंची है। बुधवार सुबह ट्रेन अनलोड की जाएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | HariBhomi | Bhopal | 13.03.2024 | 01 | बडोदरा से रवाना होकर दो डदन में भोपाल पहुं मेट्र ो की चौथी ट्र ेन | Neutral |

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 13 मार्च 2024

### इंदौर में पहले ही पहुंच चुकी हैं चार ट्रेन

# बड़ोदरा से रवाना होकर दो दिन में भोपाल पहुंची मेट्रो की चौथी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भोपाल मेट्रो कंपनी की चौथी ट्रेन मंगलवार शाम को सुभाष नगर के मेट्रो डिपो पहुंच गई। इसे बुधवार सुबह अनलोड किया जाएगा। इन चारों ट्रेन की फिटिंग व टेस्टिंग लगातार चलने के साथ ट्रायल रन भी होगा, जबकि पांचवी ट्रेन भी जल्दी ही भोपाल पहुंचेगी। बड़ोदरा गुजरात से रवाना होकर दो दिन में ही यह ट्रेन भोपाल पहुंच गई। भोपाल में चौथी ट्रेन आने के साथ सुभाष नगर से एम्स तक 8 मेट्रो स्टेशन भी तैयार हो रहे हैं। इन स्टेशनों के निर्माण कार्य पूरे होने के बाद अब फायनल टच का काम चल रहा है।

मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार ट्रेनों के आने का सिलसिला जारी रहेगा। दूसरी तरफ सुभाष नगर से एम्स तक के सभी निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर स्टील ब्रिज का काम भी जल्दी पूरा होगा, जिससे ट्रेन का संचालन शुरू हो सके। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस से 28 दिन का डायवर्सन मांगा था। उम्मीद है कि समय सीमा में स्टील ब्रिज का काम पूरा हो जाएगा।

**खास बातें**

- आज किया जाएगा अनलोड
- फिर होगी फिटिंग व टेस्टिंग, ट्रायल भी होगा



### कामर्शियल रन भी जल्दी होगा

मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार मई जून में मेट्रो को आम लोगों के लिए चलाने का लक्ष्य है। इसलिए मेट्रो के बाकी बचे कामों पर फोकस किया जा रहा है।

### दूसरे भाग पर भी जल्दी शुरू होगा काम

एम्स से करोंद तक 14 किमी की मेट्रो लाइन में दूसरे भाग पुल बोगदा से करोंद तक 8 स्टेशन और करीब पौने नौ किमी की रेलवे लाइन बनाना है। इनमें दो भूमिगत स्टेशन भी हैं।

### यह है प्रोजेक्ट

भोपाल मेट्रो परियोजना के अंतर्गत भोपाल शहर में दो लाइन ऑरेंज लाइन तथा ब्लू लाइन का निर्माण किया जा रहा है। एम्स से करोंद चौराहे तक निर्माणाधीन ऑरेंज लाइन की कुल लम्बाई 16.74 किमी है। इसमें अंडरग्राउंड भाग 3.39 किमी का है। ऑरेंज लाइन में दो अंडरग्राउंड स्टेशन भोपाल स्टेशन व नादरा बस स्टैंड व 14 एलीवेटेड स्टेशन हैं। जिनमें स्टेशन एम्स, अल्कापुरी, डीआरएम आफिस, रानी कमलापति, एम पी नगर, बोर्ड आफिस, केंद्रीय विद्यालय, सुभाष नगर, पुल बोगदा, ऐशबाग, सिंधी कॉलोनी, डीआइजी बंगले, कृषि उपज मंडी एवं करोंद चौराहा हैं।

| S.No. | Sour ce | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | Rajexpress | Bhopal | 13.03.2024 | 02 | एक और मेट्रो रेल आई भोपाल, अब चार हुई | Neutral |



# एक और मेट्रो रेल आई भोपाल, अब चार हुई



**भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क**

गुजरात से लंबा सफर तय कर मंगलवार शाम को एक और मेट्रो ट्रेन भोपाल पहुंच गई। इसे सुभाष नगर स्थित मेट्रो डिपो में अनलोड किया जाएगा। फिर डिपो में जरूरी टेस्टिंग के बाद इसका भी ट्रायल रन किया जाएगा। अब कुल चार मेट्रो हो गई हैं। पांचवीं ट्रेन भी इसी महीने आने की संभावना है। अल्सटॉम इंडिया लिमिटेड गुजरात के वड़ोदरा स्थित सांवली प्लांट में मेट्रो रेल का निर्माण कर रही है। प्रत्येक रेल में तीन कोच हैं। पहली ट्रेन पिछले साल सितंबर में राजधानी पहुंची थी। इसके साथ अक्टूबर में ट्रायल रन की शुरुआत की गई थी। यहां बता दें कि सुभाष नगर से एम्स के बीच मेट्रो ट्रेन का पैसेंजर रन सितंबर तक शुरू करने का टारगेट है। इसके लिए न्यूनतम चार से पांच ट्रेन होना अनिवार्य है। इसमें से एक ट्रेन बैक अप या रिजर्व के तौर पर रहेगी।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | Patrika | Bhopal | 13.03.2024 | 02 | मेट्रो ट्रेन का चौथा रैक भोपाल पहुंचा | Neutral |

BHOPAL PRIME
भोपाल प्राइम
पत्रिका
भोपाल, बुधवार
13 मार्च 2024
II

# मेट्रो ट्रेन का चौथा रैक भोपाल पहुंचा



**भोपाल.** गुजरात के बड़ोदरा के सारणी से मेट्रो ट्रेन का चौथा रैक मंगलवार को भोपाल पहुंच गया। रैक के तीन कोच अलग-अलग ट्रॉले में भोपाल आए। यह करीब 7 दिन पहले सारणी से रवाना हुए थे। रात को भोपाल शहर के किनारे पहुंच गए थे। सुभाष नगर मेट्रो डिपो के बाहर ये खड़े हुए हैं। बुधवार को उनकी डिपो में अनलोडिंग की जाएगी। अब भोपाल मेट्रो को 12 कोच मिल चुके हैं। भोपाल में सितंबर 2023 से मेट्रो ट्रेन की रैक की आमद शुरू हुई थी। 22 मीटर लंबाई का एक कोच है तीन कोच मिलकर 66 मीटर लंबाई की एक रेखा तैयार की जाएगी भोपाल को कुल 27 रैक प्राप्त होगी। भोपाल मेट्रो रेल कारपोरेशन के अनुसार जून 2024 में शहर में मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू करना है।

**Metro News**
**14.03.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 14.03.2024 | 08 | दिल्ली, नागपुर जैसा सुं | Neutral |


बदलते ज़माने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 8 March 14, 2024


### फूलदार और सजावटी पौधे के साथ वेस्ट मटेरियल से प्रतिकृति बनेगी

# दिल्ली, नागपुर जैसा सुंदर इंदौर मेट्रो का मिडियन


शैलेन्द्र वर्मा • भोपाल
मो.नं. 95484460010


इंदौर मेट्रो ट्रेन का मिडियन (सड़क पर पिलरों के बीच डिवाइडर) दिल्ली, नागपुर और कोलकाता जैसा सुंदर होगा, बल्कि प्रयास किया जा रहा है कि यह इसे भी सुंदर बने और भोपाल के लिए मॉडल साबित हो। वर्ष 2018 में इंदौर के मेट्रो का निर्माण आरंभ हुआ था और आईएसबीटी निर्माण होना था जिसके लिए सड़क पर बने डिवाईडार को तोड़ा गया था। अब इस हिस्से में नए मिडियन (डिवाइडर) 8 करोड़ 56 लाख रुपए की लागत से बनाए जाएंगे, जिसके लिए मेट्रो रेल कॉपोरेशन द्वारा इंदौर नगर निगम को जिम्मेदारी दी गई। मिडियन की डिजाइन को फाइनल करने से पहले निगम अधिकारियों ने देश के अलग-अलग शहरों में बने मिडियन का अध्ययन किया, जिसके बाद इंदौर डिजाइन को अंतिम रूप दिया। इंदौर में मेट्रो निर्माण के लिए वर्ष 2018 से 2024 तक 17 किलोमीटर से अधिक डिवाइडर तोड़े गए, ताकि सड़क के बीच डिवाइडर वाले हिस्से में एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण किया जा सके। ट्रैक का निर्माण लगभग पुरा हो चुका है। इनके बीच मिडियन निर्माण करना आरंभ कर दिया गया है। यहां 5.6 किमी हिस्से में हरियाली का विशेष ध्यान रखा जाएगा।



मिडियन की डिजाइन को फाइनल करने से पहले दिल्ली, नागपुर और कोलकाता की मेट्रो मिडियन डिजाइन का अध्ययन किया गया है। हमने इंदौर की पहचान को प्रकट करने वाले मिडियन का चुनाव किया है। उम्मीद है यह देश का सबसे सुंदर मिडियन सबित होगा।
**डीआर लोधी**, इंजीनियर जनकार्य विभाग

इंदौर में बनने वाले मिडियन को हम देश में एक अलग पहचान देना चाहते है। महापौर भार्गव की मंशा के अनुसार यह एक मॉडल मिडियन बनाया जाएगा। मेट्रो रेल कॉपोरेशन का बजट कम है, लेकिन नगर निगम 5.6 किमी में चौराहों को संवारेगा।
**राजेंद्र राठौर**, महापौर परिषद सदस्य जनकार्य समिति प्रभारी

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | दैनिक जागरण | भोपाल | 14.03.2024 | 08 | प्रायोरिटी कॉरिडोर पर उतरें अबतक 4 पहुंची | Neutral |


दैनिक जागरण
भोपाल14 मार्च 2024

राजधानी जागरण 08

राजधानी का तापमान/मौसम
अधिकतम न्यूनतम
32.2°c | 17.0°c
तापमान में आएगी गिरावट रात में बढ़ेगी ठंड

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित


# प्रायोरिटी कॉरिडोर पर उतरेंगी दो मेट्रो ट्रेन, अब तक 4 पहुंचीं

## एक ट्रेन का हो चुका है ट्रायल रन, दो और दौड़ने को तैयार

**जागरण, भोपाल।** राजधानी भोपाल में मेट्रो ट्रेन का काम तेजी से जारी है। जल्द ही एक बार फिर प्रायोरिटी ट्रेक पर मेट्रो रेल चलती नजर आएगी। दरअसल भोपाल मेट्रो के सुभाष नगर डिपो में अब तक 4 ट्रेनें पहुंच चुकी हैं। इनमें से एक ट्रेन को 4 अक्टूबर 2023 में ट्रेक पर चलाकर भी देखा गया था। अन्य दो ट्रेनें भी ट्रायल रन के लिए लगभग तैयार हैं। दोनों को एक साथ ट्रैक पर चलाने की तैयारी चल रही है। बुधवार को चौथी मेट्रो ट्रेन गुजरात के सांवली (बडोदरा) से भोपाल पहुंच गई। अब इसकी टेक्निकल टेस्टिंग की जा रही है। भोपाल में कुल 27 और इंदौर में 25 मेट्रो आएंगी। हर मेट्रो ट्रेन में 3-3 कोच हैं। दोनों ही शहरों में 4-4 मेट्रो ट्रेन आ चुकी हैं। इंदौर में भी दो-तीन दिन पहले ही मेट्रो पहुंची है।




### टेस्ट ट्रैक पर चलाई जा रही हैं ट्रेनें

भोपाल में सबसे पहली मेट्रो ट्रेन सितंबर-23 में आई थी। इसे 3 अक्टूबर को ट्रायल रन के लिए ट्रैक पर चलाया गया था। इसके बाद फरवरी में 2 ट्रेनें और आईं। ये टेस्ट ट्रैक पर चल रही हैं। फाइनल ट्रायल के लिए मुख्य ट्रैक पर जल्द आएंगी। अभी सुभाष नगर डिपो में बने इंस्पेक्शन बे लाइन (आईबीएल) में इनकी टेक्निकल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल के अलावा सॉफ्टवेयर टेस्टिंग भी की गई।

### ऑरेंज लाइन में हो चुका ट्रायल रन

पिछले साल 3 अक्टूबर को भोपाल में ट्रायल रन किया गया था। 6.22 किलोमीटर की ऑरेंज लाइन में आने वाले 8 स्टेशनों में से पांच स्टेशन- सुभाष नगर, केंद्रीय स्कूल, डीबी मॉल, एमपी नगर और रानी कमलापति स्टेशन के बीच ट्रायल रन हुआ था। इसके बाद से ही ट्रेन को ट्रैक पर चलाया जा रहा है।

### सांवली से तीन बड़े ट्रॉलों में आए कोच

मेट्रो ट्रेन के तीन कोच 3 बड़े ट्रॉलों में सांवली से भोपाल लाए गए। इसके बाद बड़ी मशीनों के जरिए इन्हें ट्रैकपर उतारा गया। मेट्रो रेल के अलावा मेट्रो बनाने वाली एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड के कर्मचारी भी भोपाल पहुंचे हैं। इन ट्रेनों में एंटी बैक्टीरिया और एंटी वायरल सिस्टम लगाया गया है। अंदर का इंटीरियर भी किया जा रहा है।

### आठों मेट्रो स्टेशनों पर फोकस

मई-जून 2024 में मेट्रो को आम लोगों के लिए चलाने का टारगेट है। इसलिए मेट्रो के बाकी बचे कामों पर फोकस किया जा रहा है। खासकर अलकापुरी, एम्स और डीआरएम ऑफिस के स्टेशनों के काम में तेजी लाई गई है। वहीं, सुभाष नगर, डीबी मॉल के सामने, एमपी नगर, रानी कमलापति और केंद्रीय स्कूल स्टेशनों पर सिविल वर्क पूरे होने के बाद फिनिशिंग वर्क भी पूरे किए जा रहे हैं। डीबी मॉल, केंद्रीय स्कूल और एमपी नगर स्टेशनों पर शेड भी लग चुका है। वहीं, रेलवे ट्रैक और डीआरएम ऑफिस के पास चौराहे पर स्टील ब्रिज भी बनाए जा रहे हैं।

## पुराने शहर में ट्रैक के लिए 39 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण

### एलएनटी कंपनी बिछाएगी सुभाष नगर से करोंद तक मेट्रो का ट्रैक

### ऐशबाग से डीआइजी बंगला तक जमीन के अंदर चलेगी मेट्रो

**जागरण, भोपाल।** राजधानी में एम्स से सुभाष नगर के बीच करीब सात किलोमीटर प्रायोरिटी कारिडोर का सिविल वर्क 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। जबकि इसी मार्ग पर बाकी 10 किलोमीटर का काम यानी सुभाष नगर से करोंद के बीच पूरा किया जाना है। इसकी तैयारियां भी मप्र मेट्रो कंपनी ने शुरू कर दी हैं। इस मार्ग पर बनने वाले छह मेट्रो स्टेशन का मुख्यमंत्री मोहन यादव भूमिपूजन भी कर चुके हैं। अब पुराने शहर में 9.83 किलोमीटर के रूट के लिए 39 एकड़ जमीन का अधिग्रहण की तैयारी भी की जा रही है। बता दें कि सुभाष नगर से करोंद तक एलिवेटेड कारिडोर बनाने का जिम्मा एलएनटी कंपनी को दिया गया है।



### 2025 तक पर्पल और रेड लाइन में दौड़ेगी मेट्रो

राजधानी में पर्पल और रेड लाइन में मेट्रो के संचालन की समय सीमा वर्ष 2025 तक निर्धारित की गई है। लिहाजा वर्ष 2024 तक मेट्रो रेल कारपोरेशन का पर्पल कारीडोर के सिविल वर्क को पूरा करने पर जोर है। इसमें पर्पल लाइन 14.19 और दूसरी रेड लाइन 12.88 किलोमीटर की होगी। इसमें 6941.40 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### दो हिस्सों में होगा सिविल वर्क

सुभाष नगर से करोंद के बीच कारिडोर बनाने का काम भी दो हिस्से में होगा। दरअसल, इसी रूट में भूमिगत (अंडरग्राउंड) मेट्रो का संचालन किया जाना है। लिहाजा एलीवेटेड रूट के लिए फेस-1 में सुभाष नगर से भारत टाकीज तक निर्माण कार्य और फेस-2 में सिंधी कालोनी से करोंद तक निर्माण कार्य किया जाएगा।

### दो किमी ट्रैक अंडरग्राउंड होगा

मेट्रो कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सुभाष नगर से करोंद के बीच का दो किलोमीटर ट्रैक अंडरग्राउंड होगा। जबकि बाकी स्थानों पर मेट्रो मार्ग एलिवेटेड रहेगा। ऐशबाग स्थित आरा मशीन के पास से बैरसिया रोड तक इस अंडरग्राउंड ट्रैक पर दो मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे, जो भोपाल जंक्शन और नादरा बस स्टैंड के पास बनेंगे। हालांकि इस मार्ग में सुभाष नगर से आगे चार अन्य स्टेशन भी बनना प्रस्तावित है। बता दें कि एलएनटी कंपनी ही सुभाष नगर से करोंद के बीच पर्पल लाइन के साथ रत्नागिरी तिराहे से भदभदा चौराहे तक रेड लाइन के लिए फास्टिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्टैंडर्ड गेज के बेलास्टलेस ट्रैक का डिजायन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और डिपो के साथ वर्कशाप का निर्माण करेगी। इसके लिए 238 करोड़ रुपये का टेंडर दिया गया है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 14.03.2024 | 04 | बड़ोदरा से ौथई मेट्रो ट्रेन पहुं ी भोपाल, 23 और जल्द आएं | Neutral |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल | राष्ट्रीय | अंतर्राष्ट्रीय | प्रादेशिक | खेल | व्यापार

भोपाल सिटी Page: 4 March 14, 2024


# बड़ोदरा से चौथी मेट्रो ट्रेन पहुंची भोपाल, 23 और जल्द आएंगी

## एसेंबलिंग के बाद जल्द ही की जाएगी टेस्टिंग



भोपाल। मेट्रो ट्रेन की बोगियों को सुभाष नगर डिपो में बड़ी क्रेनों से उतारा गया।


पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

मो.नं. 9300697983


राजधानी में 3 बोगी वाली एक और मेट्रो ट्रेन की आमद हो गई। भोपाल में चलने वाली कुल 27 मेट्रो ट्रेनों में से 4 ट्रेनें आ चुकी हैं। चौथी ट्रेन बुधवार को गुजरात के सांवली (बड़ोदरा) से भोपाल पहुंची। ट्रेन की बोगियां तीन बड़े ट्रालों में लाई गईं, जिन्हें सुभाष नगर डिपो में बड़ी-बड़ी आधुनिक क्रेनों से उतारा गया। एक ट्रेन की टेस्टिंग हो चुकी है, जबकि दो ट्रेनों की एसेंबलिंग की जा रही है। जल्द ही इसकी टेक्निकल टेस्टिंग की जाएगी।

इसके बाद बुधवार को भोपाल पहुंची ट्रेन की असेंबलिंग और टेस्टिंग होगी। गौरतलब है कि सबसे पहली मेट्रो ट्रेन सितंबर 2023 में आई थी। इसका ट्रायल रन तीन अक्टूबर को सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक के ट्रैक पर किया गया था। इसके बाद से लगातार इस ट्रेन को ट्रैक पर दौड़ाया जा रहा है, ताकि इससे कमर्शियल रन शुरू किया जा सके। इसके बाद फरवरी में 2 ट्रेनें और आईं, जो असेंबलिंग के बाद टेस्ट ट्रैक चलाई जा रही हैं। फाइनल ट्रायल के लिए मेन ट्रैक पर लाया जाएगा। अभी सुभाष नगर डिपो में बने इंस्पेक्शन बे-लाइन में इनकी टेक्निकल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल के अलावा सॉफ्टवेयर टेस्टिंग भी की गई। बता दें कि भोपाल आ रही ट्रेनों की टेस्टिंग के लिए मेट्रो बनाने वाली एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड कंपनी कर्मचारी भोपाल में हैं, जो टेस्टिंग कर रहे हैं।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | हरि भूमि | भोपाल | 14.03.2024 | 02 | मेट्रो के दूसरे फेज का काम अतिक्रमण के हिस्से छोड़कर खाली जमीन पर शुरू | Neutral |

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 14 मार्च 2024



# मेट्रो के दूसरे फेज का काम अतिक्रमण के हिस्से को छोड़कर खाली जमीन पर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मेट्रो कंपनी ने सुभाष नगर से एम्स तक ट्रैक का काम लगभग पूरा होने के बाद अब दूसरे फेज का काम भी शुरू कर दिया है। सुभाष नगर से करोंद तक मेट्रो की ऑरेंज लाइन में सर्वे, डिजाइनिंग व अन्य काम हो रहे हैं। सुभाष नगर से ऐशबाग व करोंद की तरफ खाली भूमि पर बायडक्ट सहित अन्य काम भी जल्दी शुरू हो जाएंगे।

वहीं, अतिक्रमण हटाने के लिए मेट्रो कंपनी अधिकारियों ने जिला प्रशासन को कई बार पत्र लिखा है, लेकिन अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया आज तक शुरू नहीं हो पाई है। अधिकारियों के अनुसार अभी खाली भूमि पर काम शुरू होगा और अतिक्रमण वाली भूमि तक पहुंचने पर जिला प्रशासन को कहा जाएगा कि अब तुरंत ही भूमि खाली करवाई जाए।

- अतिक्रमण हटाने जिला प्रशासन को पहले पत्र लिख चुकी कंपनी, अगले माह इसको लेकर सख्ती की जाएगी
- दो मेट्रो ट्रेन को ट्रायल रन के लिए ट्रैक पर लाने की तैयारी, एक का पहले हो चुका

## चौथीं ट्रेन को बुधवार को डिपो में उतारा गया, टेक्निकल टेस्टिंग हो रही



अभी सर्वे, डिजाइन आदि काम होने के साथ खाली भूमि पर बनेंगे बायडक्ट

### दो मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन जल्दी होगा

गुजरात के सांवली (बड़ोदरा) से भोपाल में एक और मेट्रो ट्रेन आने के बाद कुल 4 मेट्रो भोपाल आ चुकी हैं। इनमें एक ट्रायल रन के लिए ट्रैक पर चल भी चुकी है, जबकि 2 को ट्रैक पर चलाने की तैयारी है। सुभाष नगर डिपो में इनकी टेस्टिंग चल रही है। बुधवार को चौथीं ट्रेन को डिपो में उतारा गया, जिसकी टेक्निकल टेस्टिंग शुरू हो गई है। भोपाल में कुल 27 ट्रेन आना है, जिसमें से 4 आ गईं, जबकि अगले माह तक कई और ट्रेन आ जाएंगी।

### ऑरेंज लाइन में हो चुका है ट्रायल रन

पिछले साल 3 अक्टूबर को भोपाल में ट्रायल रन किया गया था। 6.22 किलोमीटर की ऑरेंज लाइन में आने वाले 8 स्टेशनों में से पांच स्टेशन-सुभाष नगर, केंद्रीय स्कूल, बोर्ड ऑफिस, एमपी नगर और रानी कमलापति स्टेशन के बीच ट्रायल रन हुआ था। इसके बाद से ही ट्रेन को ट्रैक पर चलाया जा रहा है।

### टेस्ट ट्रैक पर चलाई जा रही

*राजधानी में सबसे पहली मेट्रो ट्रेन सितंबर-23 में आई थी। इसे 3 अक्टूबर को ट्रायल रन के लिए ट्रैक पर चलाया गया था। इसके बाद फरवरी में 2 ट्रेनें और आईं। यह टेस्ट ट्रैक पर चल रही हैं। फाइनल ट्रायल के लिए मुख्य ट्रैक पर जल्द आएंगी। अभी सुभाष नगर डिपो में बने इंस्पेक्शन बे लाइन (आईबीएल) में इनकी टेक्निकल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल के अलावा सॉफ्टवेयर टेस्टिंग भी की गई।*

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | Time of india | Bhopal | 14.03.2024 | 03 | 3 more metro coaches arrive stage set for next phase test | Neutral |



# 3 more Metro coaches arrive, stage set for next phase test

TIMES NEWS NETWORK

**Bhopal:** Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) is gearing up for the next phase of metro rail testing, which is expected to take place in coming weeks.

According to the MPMRCL, another set of rolling stock, consisting of three coaches, arrived safely at the Subhash Nagar Depot in Bhopal on Tuesday. This follows the arrival of three more coaches in Feb, which were used for the trial run of the Bhopal metro in Sept 2023. With the recent addition of nine more coaches, the Bhopal metro now has a total of 12 coaches.

This increase in the number of coaches is likely to lead to the application for 'safety trial run certification'. The certification, given by the commissioner of railway safety (CRS), is based on a series of inspections. The Bhopal metro has ordered a total of 81 coaches, and initially, three coaches will form one train. Depending on passenger demand, the number can be increased. The metro stations being developed in Bhopal can accommodate up to six coach lengths on their platforms. The priority corridor is likely to start operations by May 2024.

Pic courtesy: MPMRCL



The coaches on their arrival in Bhopal

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | हरि भूमि | भोपाल | 18.03.2024 | 3 | मेट्रो की दो जोड़ी सुरं का काम शुरू | Neutral |

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 18 मार्च 2024



## मेट्रो की दो जोड़ी सुरंगें बनाने डिजाइन व ले आउट का काम शुरू



भोपाल। भोपाल मेट्रो कंपनी के द्वारा अंडर ग्राउंड मेट्रो के लिए दो जोड़ी टनल बनाने के आदेश जारी होने के बाद अब उसकी अन्य प्रक्रिया शुरू हो गई है। टेंडर में कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल कंपनी को न्यून्तम दर का उल्लेख करने पर आर्डर दिया गया है। इस कंपनी द्वारा अब ले आउट, डिजायन आदि प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे अतिक्रमण हटने के बाद सुरंग का काम शुरू कर दिया जाए। मेट्रो के दूसरे फेज में दो सुरंग 3.39 किमी लंबी बनाई जाना है। यह सुरंग सिंधी कॉलोनी से नादरा बस स्टेंड साउथ और ऐशबाग रेलवे क्रासिंग से भोपाल रेलवे स्टेशन जंक्शन तक बनना है। टेंडर की शर्तों के अनुसार कंपनी को अंडरग्राउंड टनल बनाने के साथ ही अन्य निर्माण कार्य भी करना होंगे। यह सभी काम शुरू होने में करीब तीन माह का वक्त लग जाएगा। इसमें भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन भूमिगत सुरंग और निर्माण कार्यों के तहत भोपाल स्टेशन के दक्षिण में एक रैंप को ऐशबाग क्रॉसिंग स्टेशन के पश्चिम में रैंप के साथ भोपाल जंक्शन स्टेशन और नादरा बस स्टैंड पर 2 भूमिगत स्टेशनों के माध्यम से जोड़ेगी। यह 27.87 किमी भोपाल मेट्रो चरण 1 परियोजना का पहला और एकमात्र भूमिगत पैकेज है।

**MPMETRO**

**Metro News**
**20.03.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | पत्रिका | भोपाल | 20 .03.2024 | 03 | भोपाल मेट्रो के तीन कोच ओर राजधानी पहुं` | Neutral |



# भोपाल मेट्रो के तीन कोच और राजधानी पहुंचे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत पांचवीं रैक के लिए तीन कोच मंगलवार को बड़ोदरा से सुभाष मेट्रो डिपो में पहुंच गए हैं। दोपहर में ये मेट्रो के सुभाष डिपो में खड़े हुए। छह महीने में भोपाल को पांच मेट्रो रैक प्राप्त हो चुकी है। भोपाल में कुल 27 ट्रेन आना है। मेट्रो कोच का निर्माण-अल्स्टॉम इंडिया लिमिटेड ने गुजरात के सांवली संयंत्र में मार्च 2023 को शुरू किया गया था।



**मेट्रो की** पहली रैक 18 सितंबर 2023 में भोपाल आई थी। डिपो में इन्हें उतारकर असेंबलिंग कर ट्रायल किया जाएगा। भोपाल मेट्रो प्रायोरिटी कॉरीडोर रानी कमलापति से सुभाष ब्रिज के बीच ट्रायल हो चुका है। एम्स से सुभाष ब्रिज तक 6.22 किमी का कॉरिडोर है, इसका काम पूरा करने पर फोकस है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | हरि भूमि | भोपाल | 20 .03.2024 | 3 | भोपाल की 5वीं आएंगी | Neutral |


हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 20 मार्च 2024




### एक-एक कर भोपाल पहुंच रही हैं मेट्रो ट्रेन

## भोपाल की 5वीं ट्रेन पहुंची, बाकी 22 भी जल्द आएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की पांचवीं मेट्रो ट्रेन मंगलवार को सुबह सुभाष नगर डिपो पहुंच गई। गुजरात के सांवली बड़ोदरा से रवाना हुई मेट्रो ट्रेन एक-एक कर भोपाल पहुंच रही हैं, जबकि कुल 27 ट्रेन आना है। सभी ट्रेन भोपाल पहुंचने की डेड लाइन वर्ष 2026 तक की है, लेकिन उसके पहले ही सभी ट्रेन आने की उम्मीद है। क्योंकि पिछले साल सितंबर माह में आई एक ट्रेन के बाद इस साल अब तक एक-एक कर चार और ट्रेन भोपाल पहुंच गईं।

मेट्रो ट्रेन आने का सिलसिला जिस तेजी से चल रहा है, उसके अनुसार ही सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक एक-एक ट्रेन का ट्रायल रन भी चल रहा है। रोजाना एक ट्रेन ट्रायल रन के लिए ट्रैक पर दौड़ रही है, जबकि शेष ट्रेनों को डिपो में ही चलाया जा रहा है। मंगलवार को आई पांचवीं ट्रेन टेक्निकल टेस्टिंग की जाएगी।

सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक चल रहा है एक-एक ट्रेन का ट्रायल रन



### फाइनल रन भी जल्दी

पहली मेट्रो ट्रेन सितंबर 2023 में राजधानी आई थी। इसे 3 अक्टूबर को ट्रायल रन के लिए ट्रैक पर चलाया गया था। इसके बाद फरवरी में 2 ट्रेनें और आईं। फाइनल ट्रायल के लिए सभी मेट्रो ट्रेन मुख्य ट्रैक पर जल्द आएंगी। चौथीं ट्रेन 12 मार्च को आई थी। इसके ठीक 6 दिन बाद मंगलवार को एक और मेट्रो ट्रेन आ गई। बड़े ट्रॉलों में आए कोच को बड़ी क्रेन की मदद से सुभाष नगर डिपो में उतारा गया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | नई दुनिया | भोपाल | 20 .03.2024 | 2 | भोपाल पहुं ी पाँ वी मेट्रो, सितं | Neutral |



# भोपाल पहुंची पांचवी मेट्रो, सितंबर से दौड़ेगी

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** राजधानी में सितंबर 2024 से मेट्रो का कामर्शियल रन शुरु करना है। इसके लिए एम्स से सुभाष नगर के बीच प्रायोरिटी कारिडोर का काम तेजी से किया जा रहा है। वहीं मेट्रो ट्रेन आने का सिलसिला भी जारी है। मंगलवार को मेट्रो की पांचवी रैक भोपाल पहुंच गई है। अब इसका सेफ्टी ट्रायल किया जाएगा। इसके पहले चार और मेट्रो ट्रेन शहर में आ चुकी है। शहर में पहले चरण में 27 मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जाना है। इसमें पांच ट्रेन आने के बाद 22 और ट्रेन आना बाकी है।

बता दें कि तीन अक्टूबर को मेट्रो का ट्रायन रन किया गया था। अब इसकी रुटीन टेस्टिंग आरकेएमपी से सुभाष नगर डिपो के बीच की जा रही है। इसमें अधिकारी मेट्रो के पार्टस और उसके कम्यूनिकेशन को समझ रहे हैं। अब इसका वेलिडेशन कर देखा जाएगा कि मेट्रो व ट्रैक में कोई कमी तो नहीं है। इसके बाद जनवरी 2024 में मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त इस मार्ग की संरक्षा को परखेंगे। उनके संतुष्ट होने के बाद प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो के कामर्शियल रन की अनुमति दी जाएगी।



सुभाष नगर स्थित डिपो के ट्रैक पर खड़ी मेट्रो। • नवदुनिया

**प्रायोरिटी कारिडोर का 90 प्रतिशत काम पूरा :** राजधानी के रहवासियों का मेट्रो में चढ़ने का सपना जल्द ही पूरा होने वाला है। जानकारी के अनुसार एम्स से सुभाष नगर के बीच प्रायोरिटी कारिडोर का 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। हबीबगंज नाके के पास स्टील ब्रिज बनाने का काम चल रहा है। मालूम हो कि इसके बनते ही एम्स से सुभाष नगर तक मेट्रो का कामर्शियल रन शुरू कर दिया जाएगा।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | Free Press | Bhopal | 20 .03.2024 | 03 | Fifth of the 22 metro trains arrive in city | Neutral |

Pg-03

BHOPAL CITY

INDORE / BHOPAL | WEDNESDAY | MARCH 20, 2024 www.freepressjournal.in

# Fifth of the 22 metro trains arrive in city

## Commercial run to begin in September

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in



The fifth metro train, comprising three coaches, reached Bhopal in the early hours of Tuesday. The train will undergo a test trial run.

The coaches of the fifth Metro train were loaded on the heavy vehicle at the Sanvli manufacturing plant in Gujarat. The heavy vehicle carrying the fifth metro train arrived at Subhash Nagar Metro depot around 2.30 pm. The train was unloaded with the help of heavy machines.

Total 27 Metro trains have been sanctioned for Bhopal and of them five have reached the city. The preparations are underway to expedite the infrastructure and metro station related works. The railway track has already been laid between Subash Nagar Metro station and Rani Kamlapati Railway station.

Earlier, it was being said that commercial operation of Metro will start by the end of May or beginning of June but it is not likely to start before September.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | राज एक्स्प्रेस | भोपाल | 20 .03.2024 | 03 | पैसें<br>ट्रेन आई भोपाल, अब पाँच हो गई | Neutral |



**राजधानी में मेट्रो प्रोजेक्ट का इंतजार: सितंबर माह में होगा प्रत्येक मेट्रो का दो हजार किमी का ट्रायल रन**

# पैसेंजर रन के लिए मेट्रो का कोटा पूरा, एक और ट्रेन आई भोपाल, अब पांच हो गईं



भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी में सितंबर में पैसेंजर रन शुरू करने के लिए मेट्रो का कोटा पूरा हो चुका है। एक और रेल मंगलवार को भोपाल पहुंच गई है। इसे मिलाकर अब पांच ट्रेनें हो गई हैं। यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए न्यूनतम चार मेट्रो की आवश्यकता थी। मेट्रो कोच का निर्माण फ्रांस की अल्सटॉम इंडिया लिमिटेड कंपनी ने गुजरात के सांवली प्लांट में मार्च, 2023 को शुरू किया था। प्लांट से तीन कोच वाली पहली ट्रेन पिछले साल 31 अगस्त को इंदौर पहुंच गई थी। राजधानी में 18 सितंबर को पहली ट्रेन आई थी। पांचवीं ट्रेन मंगलवार को आ गई। इसे सुभाष नगर स्थित अनलोडिंग बे पर उतारा जाएगा। फिर डिपो में इसका परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद वहां टेस्टिंग ट्रेक पर इसे चलाया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी होने पर एलिवेटेड रूट पर इसका ट्रायल रन शुरू किया जाएगा। प्रत्येक ट्रेन के लिए न्यूनतम दो हजार किमी का ट्रायल रन अनिवार्य है।



## मेट्रो में यह है खास



- प्रत्येक रेल में तीन कोच, हर डिब्बे में 50 लोगों के बैठने और 300 के खड़े होने की क्षमता
- ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 80 किमी प्रति घंटा रहेगी
- हर कोच में ऑटोमैटिक गेट
- सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे
- दो-तीन साल बाद ट्रेन को बिना ड्राइवर के चलाया जा सकेगा
- हर तीन मिनट में स्टेशन पर ट्रेन उपलब्ध कराने का टारगेट

### दो ट्रेन स्टेशनों के बीच दौड़ेंगी

मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि एम्स से सुभाष नगर के बीच मेट्रो का पैसेंजर रन शुरू किया जाना है। इसके लिए दो ट्रेन का उपयोग किया जाएगा। बाकी की बैकअप के तौर पर रखी जाएंगी। तकनीकी या अन्य कोई समस्या होने पर इनको चलाया जाएगा।

### 22 और ट्रेनें आएंगी

राजधानी में मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक है। यह 16.77 किमी लंबा होगा। दूसरा डिपो चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 14.18 किमी रहेगी। दोनों रूट के लिए कुल 27 ट्रेनों की जरूरत का अनुमान मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने लगाया है। ऐसे में 22 ट्रेनें और आएंगी।

### रानी कमलापति को डीआरएम से लिंक करने में देरी

रानी कमलापति स्टेशन को डीआरएम ऑफिस स्टेशन से जोड़ने के लिए स्टील का रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाना है। इस ब्रिज के पार्ट्स पिछले साल भोपाल आ गए थे। पटरी के ऊपर इस ब्रिज को खड़ा करने की हरी झंडी रेलवे से अब तक नही मिल पाई है। यह ब्रिज बने बगैर मेट्रो एम्स स्टेशन तक नही पहुंच पाएगी। ऐसे में प्रोजेक्ट पिछड़ रहा है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 20 .03.2024 | J2 | एक ओर मेट्रो ट्रेन पहुं ी भोपाल, 27 मे से 5 आ गई, दो का टेस्ट ट्रैक पर जारी है ट्र यल | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 20-03-2024 Pg-J2

### पहली मेट्रो ट्रेन पिछले साल सितंबर में यहां आई थी

# एक और मेट्रो ट्रेन पहुंची भोपाल, 27 में से 5 आ गईं, दो का टेस्ट ट्रैक पर जारी है ट्रायल

सिटी रिपोर्टर | भोपाल



गुजरात के सांवली (बड़ोदरा) से मंगलवार को एक और मेट्रो ट्रेन भोपाल आ गई। इसे मिलाकर अब तक भोपाल में 5 मेट्रो ट्रेन आ चुकी हैं। शहर में दो रूट पर 27 मेट्रो ट्रेन चलाई जानी है। भोपाल में सबसे पहली मेट्रो ट्रेन पिछले साल सितंबर में आई थी। इसे 3 अक्टूबर को ट्रायल रन के लिए ट्रैक पर चलाया गया था। यह ट्रेन बीच-बीच में ट्रैक पर चलते हुए देखी जा सकती है। इसके बाद फरवरी में 2 मेट्रो ट्रेन और आईं। ये डिपो के भीतर टेस्ट ट्रैक पर चल रही हैं। यह फाइनल ट्रायल के लिए मुख्य ट्रैक पर जल्द आएंगी। चौथी ट्रेन 12 मार्च को आई थी। इसके ठीक 6 दिन बाद मंगलवार को एक और मेट्रो ट्रेन आ गई। कोच को बड़ी क्रेन की मदद से सुभाष नगर डिपो में उतारा गया।

## सितंबर में ट्रायल रन का दावा

मेट्रो रेल कंपनी का दावा है कि इस साल सितंबर में सुभाष नगर से एम्स तक 6.22 किमी के प्रायोरिटी रूट पर ट्रायल रन होगा। हालांकि अभी इस रूट पर ट्रैक से लेकर स्टेशन निर्माण और सिग्नलिंग सहित कई काम अधूरे हैं। इन दिनों हबीबगंज रेलवे क्रॉसिंग पर स्टील ब्रिज के लिए पिलर का काम चल रहा है। बताया जा रहा है कि जिस गति से मेट्रो का काम चल रहा है उस हिसाब से सितंबर में ट्रायल रन का टारगेट पूरा होना मुश्किल है। अभी कई सेक्शन पर काम अधूरा है। मेट्रो के काम के चलते ट्रैफिक डायवर्सन भी लोगों की समस्या बनता जा रहा है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 34 | दैनिक जागरण | भोपाल | 20 .03.2024 | 12 | गुजरात से भोपाल लाई गई पाँ  वी मेट्रो ट्रेन | Neutral |


दैनिक जागरण

भोपाल, 20 मार्च, 2024 विविध www.djmp.in/epaper




# गुजरात से भोपाल लाई गई पांचवीं मेट्रो ट्रेन



**जागरण, भोपाल।** गुजरात के सांवली से मंगलवार को एक और मेट्रो ट्रेन आ गई।अब तक भोपाल में 5 मेट्रो ट्रेन आ चुकी हैं। एक ट्रायल रन के लिए ट्रैक पर दौड़ रही है, जबकि 3 को डिपो में ही चलाया जा रहा है। मंगलवार को आई पांचवीं ट्रेन को सुभाष नगर डिपो में उतारा गया। अब इसकी टेक्निकल टेस्टिंग की जाएगी। भोपाल में कुल 27 और इंदौर में 25 मेट्रो आएंगी। हर मेट्रो ट्रेन में 3-3 कोच हैं। भोपाल में अब तक 5 और इंदौर में 4 मेट्रो ट्रेन आ चुकी हैं। इंदौर में भी जल्द ही पांचवीं ट्रेन भी आने की उम्मीद है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 20 .03.2024 | 4 | पाँ वी मेट्रो ट्रेन भोपाल पहुं ी, सुभाष नगर डिपो मे होगी टेस्टिं | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 4 March 20, 2024

# पांचवीं मेट्रो ट्रेन भोपाल पहुंची, सुभाष नगर डिपो में होगी टेस्टिंग

**भोपाल।** गुजरात के सांवली (बड़ोदरा) से मंगलवार को एक और मेट्रो ट्रेन भोपाल पहुंच गई। भोपाल आने वाली मेट्रो ट्रेन्स की तादाद अब पांच हो गई है।

गौरतलब है कि कुल 27 मेट्रो ट्रेने आनी हैं, जिनमें से पांच आ चुकी हैं और अब 22 ट्रेनों का इंतजार है। मंगलवार को आई पांचवीं ट्रेन को सुभाष नगर डिपो में क्रेनों की मदद से ट्रॉले से सुभाष नगर डिपो में बने इंस्पेक्शन-बे लाइन में उतारा गया। अब इनकी टेक्निकल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल के अलावा सॉफ्टवेयर टेस्टिंग की जाएगी। बता दें कि सबसे पहली मेट्रो ट्रेन सितंबर 2023 में आई थी। इसे 3 अक्टूबर को ट्रायल रन के लिए ट्रैक पर चलाया गया था।

**Metro News**

**21.03.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | दैनिक जागरण | भोपाल | 21.03.2024 | 03 | गुजरात के सावली से एक ओर ट्रेन आ गई | Neutral |


दैनिक जागरण
भोपाल, 21 मार्च 2024

# राजधानी जागरण

03

•11• राज्य •31• संस्करण मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित




गुजरात के सांवली से एक और मेट्रो ट्रेन आ गई। इसे मिलाकर अब तक भोपाल में 5 मेट्रो ट्रेन आ चुकी हैं। एक ट्रायल रन के लिए ट्रैक पर दौड़ रही है, जबकि 3 को डिपो में ही चलाया जा रहा है। मंगलवार को आई पांचवीं ट्रेन को सुभाष नगर डिपो में उतारा गया। अब टेक्निकल टेस्टिंग होगी। भोपाल में कुल 27 मेट्रो आएंगी। छायाः एचसी वर्मा